UGC NET प्रश्न पत्र

नवंबर 2017

(पेपर I)

POWERED BY:

gradeup

प्रश्नपत्र – I

1. निम्नलिखित कथनों के समुच्चय में से कौन-सा शिक्षण और अधिगम के प्रकृति एवं उद्देश्य को सर्वोत्तम रूप में प्रस्तुत करता है?
   1. शिक्षण विक्रय के समान है और अधिगम खरीदारी के जैसा है|
   2. शिक्षण सामाजिक कृत्य है जबकि अधिगम व्यक्तिगत कृत्य है|
   3. शिक्षण में अधिगम निहित है जबकि अधिगम शिक्षण को समाहित नहीं करता|
   4. शिक्षण एक प्रकार का ज्ञान का अंतरण है जबकि अधिगम इसे प्राप्त करने जैसा है|
   5. शिक्षण एक अंत:क्रिया है और प्रकृति में त्रिपदी है जबकि अधिगम एक विषय के अंतर्गत सक्रिय कार्य है|

   कूट:
   A. 1, 4 और 5
   B. 2, 3 और 5
   C. 1, 2 और 3
   D. 1, 2 और 4

2. नीचे दी गई सूची में से विद्यार्थी के उन अभिलक्षणों क चिन्हित करें जो शिक्षण-अधिगम प्रणाली को प्रभावी बनाने में सहायक है| अपने उत्तर को इंगित करने के लिए सही कूट का चयन करें|
   1. विद्यार्थी का पूर्व अनुभव
   2. विद्यार्थी की पारिवारिक वंश परम्परा
   3. विद्यार्थी की अभिक्षमता
   4. विद्यार्थी के विकास की अवस्था
   5. विद्यार्थी की खाने की आदतें और शौक
   6. विद्यार्थी की धार्मिक सम्बद्धता

   कूट
   A. 1, 3 और 4
   B. 4, 5 और 6
   C. 1, 4 और 5
   D. 2, 3 और 6

3. अभिकथन (A) : सभी शिक्षण में अधिगम निहित होता है|

   तर्क (R): अधिगम को उपयोगी होने के लिए उसे आवश्यक रूप से शिक्षण से व्युप्न्न होना चाहिए|

   निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन करें:
   A. (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है|
   B. (A) और (R) दोनों सही है, लेकिन (R) , (A) का सही स्पष्टीकरण है|
   C. (A) सही है, लेकिन (R) गलत है|
   D. (A) गलत है, लेकिन (R) सही है|

4. संकल्नात्मक परीक्षणों के आधार पर एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों के निष्पादन व्यवहार को उसमें अभिव्यक्त सुस्थित जीवन शैली के संदर्भ में व्याख्यायित करता है| इसे कहा जायेगा:
   A. निर्माणात्मक परीक्षण
   B. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन
   C. मानक संदर्भित परीक्षण
   D. निकष संदर्भित परीक्षण

5. निम्नलिखित में से कौन प्रभावी शिक्षण में प्रमुख व्यवहार है?
   A. विद्यार्थी के विचारों एवं अवदान का अनुप्रयोग
   B. संरचना
   C. अनुदेश्नात्मक विविधता
   D. प्रश्न पूछना

6. निम्नलिखित में से शोध के किस प्रकार में मौजूदा स्थितियों में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है?
   A. मौलिक शोध
   B. व्यवहत शोध
   C. क्रियात्मक शोध
   D. प्रायोगिक शोध

7. एक शोधकर्ता बच्चों की चिंता - उन्मुखता पर पोषण विधि के प्रभाव का आंकलन करने का प्रयास करता है| कौन-सी शोध-विधि इसके लिए उपयुक्त होगी?

A. व्यष्टि अध्ययन पद्धति
B. प्रायोगिक पद्धति
C. कार्योत्तर पद्धति
D. सर्वेक्षण पद्धति

8. निम्नलिखित में से किस व्यवस्था में विचारों और मुद्दों की व्यापक रेंज (स्पेक्ट्रम) को संभव बनाया जा सकता है?
A. शोध लेख
B. कार्यशाला पद्धति
C. सम्मेलन
D. सगोष्ठी

9. एक शोध प्रबंध लेखन फोर्मेट को अंतिम रूप देने में निम्नलिखित में से कौन-सा पूरक - प्रष्ठों का भाग बनेगा?
A. सरणियों और आंकड़ों की सूची
B. विषय-सरणी
C. अध्ययन के निष्कर्ष
D. ग्रंथ-सूची और परिशिष्ट

10. निम्नलिखित में से कौन-सा शोध नैतिकता का मुद्दा हो सकता है?
A. साख्यिकी तकनीकों का अयथार्थ अनुप्रयोग
B. शोध की रूपरेखा का दोषपूर्ण होना
C. निदर्शन तकनीकों का विकल्प
D. शोध निष्कर्षों को रिपोर्ट करना

गद्यांश को ध्यान से पढ़े और प्रश्न संख्या 11 से 15 का उत्तर दें|

जलवायु परिवर्तन को समर्थनीय विकास का सर्वाधिक गंभीर खतरा माना जाता है| इसका पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, खाध्य सुरक्षा, आर्थिक गतिविधि, प्राकृतिक संसाधनों और भौतिक अवसंरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है| वैश्विक जलवायु स्वाभाविक रूप परिवर्तित होती रहती है| जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर को ज्ञापित करने वाले सरकारी पैनल (आई.पी.सी.सी.) के अनुसार जलवायु परिवर्तन के प्रबहवों को पहले ही प्रेक्षित किया जा चूका है और वैज्ञानिक निष्कर्ष यह दर्शाते हैं कि सतर्कता और शीघ्रतापूर्वक कार्रवाई किया जाना आवश्यक है| जलवायु परिवर्तन के प्रति भेधता सिर्फ भूगोल से नहीं जुडी है अथवा सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर नहीं है बल्कि जलवायु परिवर्तन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आयाम भी हैं जो इस बात को प्रबहित करते हिं कि इस प्रकार से जलवायु परिवर्तन विभिन्न समूहों को प्रभावित करते हैं| निर्धन व्यक्तियों के पास प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूकः, बाढ़ महाच्क्रवात आदि के कारन सम्पत्ति को होनेवाली क्षति की पूर्ती करने की लिए शायद ही बीमा होता है| निर्धन समुदाय तो गरीबी और जलवायु बदलाव की विधमान चुनौतियों से पहले ही जूझ रहा है और जलवायु परिवर्तन के कारण अनेक के लिए उससे जूझने और यहाँ तक कि अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल हो जाएगा| यह महत्त्वपूर्ण है कि प्रकृति के बदलते आयामों के साथ सामंजस्य बैठने में इन समुदायों की सहायता की जानी चाहिए| अनुकूलन वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से समाज अनिशिचित भविष्य के साथ सामंजस्य बिठाने में अपने को बेहतर ढंग से सक्षम बनता है| जलवायु परिवर्तन के साथ अनुकूलन के तहत समुचित सामंजस्य और परिवर्तन करने के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को कम करने (सकारात्मक प्रभावों का फायदा उठाने) के लिए सहीं उपाय किये जाते हों| इन उपायों में प्रौद्योगिकी विकल्प यथा: बढ़ी हुई समुद्री सुरक्षा अथवा टिलुओं पर बाढ़- रक्षित घर से लेकर व्यक्तिगत स्तर पर व्यवहारगत परिवर्तन जैसे सूखे के समय में पानी का कम प्रयोग शामिल है| एनी रणनीतियों में चरम घटनाओं के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली, बेहतर जल प्रबंधन, उन्नत जोखिम प्रबंधन, विभिन्न बीमा विकल्प और जैव-विवधता संरक्षण स्मीलित है| वैश्विक तापन वृद्धि के कारन जिस गति से जलवायु में परिवर्तन हो रहा है यह अत्यावश्यक हो जाता है कि जलवायु परिवर्तन के प्रति विकाशील देशों की भेधता को कम दिया जाये और उनकी अनुकूलन समुदाय से राष्ट्रिय और अंतराष्ट्रीय सभी स्तरों पर सामंजस्य और परिवर्तनों की मांग करता है| वर्तमान और भविष्य के जलवायु के साथ सामंजस्य बिठाने हेतु समुदायों को अपने सर्वाधिक प[र्म्परिक ज्ञान का उपयोग करने और अपनी आजीविका के विविधीकरण के साथ-साथ समुच्त प्रौद्योगिकीयों को अपनाने सहित अपनी नम्यता बनानी चाहिए| सरकारी और स्थानीय हस्तक्षेपों के साथ तालमेल बिठाते हुए सामंजस्य बिठाने वाली स्थानीय रणनीतियों और ज्ञान का प्रयोग किया जाना चाहिए| अनुकूलन संबंधी हस्तक्षेप राष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं|

जलवायु सम्बन्धी बदलावों और चरम घटनाओं के साथ सामंजस्य बिठाने के संबंध में स्थानीय समुदायों के पास वृहत ज्ञान और अनुभव है| स्थानीय समुदायों का हमेशा से उद्देश्य अपने जलवायु परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाना रहा है| ऐसा करने के लिए उन्होंने विगत के मौसमी पैटर्नों के अपने अनुभव के आधार पर अपने संसाधनों और संचित ज्ञान के अनुरूप तैयारियाँ की हैं| इसमें वे समय भी शामिल रहे हैं जब उन्हें बाढ़, सूखा और तूफ़ान जैसी चरम मौसमी घटनाओं से प्रतिक्रिया करना और उनसे उबरना पीडीए है| सामंजस्य बिठाने की स्थानीय रणनीतियां अनुकूलन के नियोजन में महत्त्वपूर्ण तत्व रही हैं| जलवायु परिवर्तन की वजह से समुदायों को बार-बार चरम स्थितियों तथा नई जलवायु स्थितियों और चरम स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है| पारम्परिक ज्ञान से उन समुदायों को जो वैश्विक तापन की वजह से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को महसूस कर रहे हैं, जलवायु क्परिवर्तन के साथ सामंजस्य बिठाने तथा कुशल, समुचित और समयसिद्ध उपाय ढूँढने में सहायता मिलेगी|

11. नीचे जलवायु परिवर्तन के प्रति निर्धन व्यक्तियों की भेधता के करक दिए गए हैं| सही उत्तर वाले कूट का चयन करें|
    1. प्राकृतिक संसाधनों पर उनकी निर्भरता
    2. भौगोलिक कारण
    3. वित्तीय संसाधनों की कमी
    4. पारंपरिक ज्ञान का अभाव

    कूट:
    A. 1, 2 और 3
    B. 2, 3 और 4
    C. 1, 2, 3 और 4
    D. केवल 3

12. अनुकूलन एक प्रक्रिया के रूप में समाजों को निम्नलिखित में से किसके साथ सामंजस्य बिठाने में समर्थ बनता है?
    1. अनिश्चित भविष्य
    2. सामंजस्य और परिवर्तन
    3. जलवायु परिवर्तन का नकारात्मक प्रभाव
    4. जलवायु परिवर्तन का सकारात्मक प्रभाव

    निम्नलिखित कूट में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करें:
    A. 1, 2, 3 और 4
    B. 1 और 3
    C. 2, 3 और 4
    D. केवल 3

13. जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकासशील देशों को अत्यावश्यक रूप से निम्नलिखित में से क्या करने की जरूरत है?
    A. जलवायु परिवर्तन कर लगाना
    B. अपने स्तर पर राष्ट्रीय अनुकूलन नीति का कार्यान्वयन
    C. अल्पावधि योजनाएँ अपनाना
    D. प्रौद्योगिकीय समाधान अपनाना

14. पारंपरिक ज्ञान का उपयोग निम्नलिखित में से किसके माध्यम से किया जाना चाहिए?
    A. इसके प्रचार-प्रसार द्वारा
    B. राष्ट्रिय परिस्थितियों में सुधर द्वारा
    C. सरकार और स्थानीय हस्तक्षेपों के बीच तालमेल से
    D. आधुनिक प्रौद्योगिकी द्वारा

15. इस गद्यांश का संकेंद्रक बिंदु है:
    A. पारंपरिक ज्ञान को समुचित प्रौद्यगिकी के साथ जोड़ना
    B. क्षेत्रीय और राष्ट्रीय प्रयासों के बीच समन्वय
    C. जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन
    D. जलवायु परिवर्तन के सामजिक आयाम

16. शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच परस्पर संवाद समीपस्थ_____जोन का निर्माण करता है|
    A. अंतर B. भ्रम
    C. विकास D. विकृति

17. किसी कक्षा में स्थानिक श्रव्य पुन: प्रस्तुति की वजह से विद्यार्थियों का निम्न्लिहित में से क्या घाट सकता है/सकती है?
    A. बोध में संज्ञानात्मक भार
    B. शिक्षकों के प्रति आदर
    C. उत्कृष्टता के प्रति प्रेरणा
    D. प्रौद्योगिकी-अभिविन्यास में रुचि

18. कक्षा में संवाद अनिवार्य रूप से होना चाहिए:
A. काल्पनिक
B. तदनुभूतिक
C. अमूर्त
D. गैर-विवरणात्मक

19. एक उत्तम संप्रेषक अपना प्रस्तुतिकरण निम्नलिखित में से किससे शुरू करता है?
A. जटिल प्रश्न
B. नानुमिति
C. पुनरावर्ती पदबंध
D. सुगमपूर्वाभ्यास

20. किसी कक्षा में संवाद ग्रहण की सम्भाव्यता को निम्नलिखित में से किससे बढाया जा सकता है?
A. द्रष्टिकोण स्थापित करके
B. विद्यार्थियों की अनभिज्ञता उजागर करके
C. सूचना भार में वृद्धि करके
D. उच्च डेसीबेल के श्रव्य उपकरणों का प्रयोग करके

21. श्रंखला 1, 6, 15, 28, 45, ... में अगली संख्या होगी:
A. 66 B. 76
C. 56 D. 84

22. श्रंखला ABD, DGK, HMS, MTB, ... में अगला पद है:
A. NSA B. SBL
C. PSK D. RUH

23. किसी कूट में "COVALENT" का कूट BWPDUOFM है| "ELEPHANT" का कूट होगा :
A. MFUIQRTW
B. QMUBIADH
C. QFMFUOBI
D. EPHNTEAS

24. अजय, राकेश का दोस्त है| एक बुजुर्ग आदमी की ओर इशारा करते हुए अजय ने राकेश से पूछा कि वह कौन है? राकेश ने कहा "उसका बेटा, मेरे बेटे का चाचा है|" बुजुर्ग व्यक्ति और राकेश के बीच निम्नलिखित रिश्ता है:
A. ग्रांडफदर (बाबा)
B. फादर-इन -लॉ (श्वसुर)
C. फादर (पिता)
D. अंकल (चाचा)

25. एक डाकिया अपने कार्यालय से सीचे 20 मीटर चला, अपनी दाहिनी ओर मुड़कर 10 मीटर चला| बांयी ओर मुड़ने के बाद वह 10 मीटर चला और दाहिनी ओर मुड़ने के बाद 20 मीटर चला| वह फिर से दाहिनी ओर मुदा और 70 मीटर चला| वह अपने कार्यालय से कितनी दूरी पर है?
A. 50 मीटर
B. 40 मीटर
C. 60 मीटर
D. 20 मीटर

26. यह कहना एक सामान्य सत्य है कि जब पृथ्वी पर सर्वप्रथम जीवन का उद्भव हुआ तब वहाँ कोई नहीं था| इस प्रकार, जीवन के उद्भव के संबंध में किसी भी अभिकथन को सिद्धांत माना जाना चाहिए|
उपर्युक्त दोनों कथन निर्मित करते हैं:
A. एक एतिहासिक व्याख्या
B. एक आख्यान
C. एक तर्क
D. एक अटकल

27. नीचे चार कथन दिए गए हैं| उनमें से दो आपस में इस तरह से सम्बंधित हैं कि वे दोनों सत्य हो सकते हैं परन्तु वे दोनों असत्य नहीं हो सकते| उस कूट का चयन करें जो उन दोनों कथनों को इंगित करता है:
कथन:
a. ईमानदार व्यक्ति कभी कष्ट नहीं झेलते हैं|
b. लगभग सभी इमानदार व्यक्ति कष्ट झेलते हैं|
c. ईमानदार व्यक्ति शायद ही कष्ट झेलते हैं|
d. प्रत्येक ईमानदार व्यक्ति कष्ट झेलता हैं|
कूट
A. a और b
B. a और c
C. a और d
D. b और c

28. एक निग्नात्मक तर्क अप्रमाणिक है यदि:
A. इसके आधार वाक्य और निष्कर्ष सभी सही हों|
B. इसके आधार वाक्य और निष्कर्ष सभी गलत हों|
C. इसके सभी आधार वाक्य गलत हों परन्तु इसका निष्कर्ष सही हों|
D. इसके सभी आधार वाक्य सही हों परन्तु इसका निष्कर्ष गलत हों|

29. नीचे दो आधार वाक्य (a और b) दिए गये हैं|इन दो आधार वाक्यों से चार निष्कर्ष (i), (ii), (iii) और (iv) निकले गये हैं| उस कूट का चयन करें जो प्रमाणिक रूप से निकले गए (आधार वाक्यों को अकेले अथवा संयुक्त रूप से लेते हुए) निष्कर्ष/निष्कर्षों को दर्शाता है|

आधार वाक्य:

a. सभी चमगादड़ स्तनपायी होते हैं|

b. कोई भी पक्षी चमगादड़ नहीं होता है|

निष्कर्ष:

i. कोई पक्षी स्तनपायी नहीं होता है|

ii. कुछ पक्षी स्तनपायी नहीं होते हैं|

iii. कोई चमगादड़ पक्षी नहीं होता है|

iv. सभी सतान्पायी चमगादड़ होते हैं|

कूट:

A. केवल i

B. केवल i और ii

C. केवल iii

D. केवल iii और iv

30. जैसे गिलास में बर्फ के पिघलते गोलों से गिलास का पानी उससे बहार नहीं बढ़ता उसी प्रकार पिघलते हुए समुद्री हिमखंड से समुद्र का आयतन नहीं बढ़ता है|

यह निम्नलिखित में से किस प्रकार का तर्क है?

A. सद्रश्यमूलक

B. परिकल्पनात्मक

C. मनोवैज्ञानिक

D. सांख्यकीय

निम्नलिखित तालिका में दिए गये आंकड़ों के आधार पर प्रश्न 31 से 35 का उत्तर दें|

तालिका: भारत में पंजीकृत वाहनों की संख्या और भारत की जनसँख्या

वर्ष	कुल वाहन (लाख)	दुपहिया वाहन (लाख)	कार, जीप, टैक्सी (लाख)	बसें (लाख)	माल वाहन (लाख)	अन्य (लाख)	भारत की जनसँख्या (मिलियन
1961	6.65	0.88	3.1	0.57	1.68	0.42	439.23
1971	18.65	5.76	6.82	0.94	3.43	1.70	548.15
1981	53.91	26.18	11.60	1.62	5.54	8.97	683.32
1991	213.74	142.00	29.54	3.31	13.56	25.33	846.42
2001	549.91	385.56	70.58	6.34	29.48	57.95	1028.73
2011	1417.58	1018.65	191.23	16.04	70.64	121.02	1210.19

31. निम्नलिखित में से किस दशक के दौरान भारत की जनसँख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई?

A. 1961 - 1971

B. 1991 - 2001

C. 2001 - 2011

D. 1981 - 1991

32. किस वर्ष में कारों के संख्या में हुई दशकीय वृद्धि (%) दुपहिये वाहनों की संख्यां में हुई दाश्कीय वृद्धि (%) को पार कर गई?

A. 1991 B. 2001

C. 1981 D. 2011

33. वर्ष 1961 - 2011 के दौरान कारों की संख्या में औसत दशकीय वृद्धि कितनी रही?

A. ~ 131%

B. ~ 68%

C. ~ 217%

D. ~ 157%

34. वर्ष 2001 में, वाहनों की उल संख्या में से यात्री वाहनों (चौपहिया वाहनों) की संख्या का प्रतिशत क्या था?

A. ~ 14%

B. ~ 24%

C. ~ 31%

D. ~ 43%

35. वर्ष 2011 में भारत में दुपहिया वाहनं का प्रति व्यक्ति स्वामित्व कितना था ?

A. ~ 0.084%

B. ~ 0.0084%

C. ~ 0.84%

D. ~ 0.068%

36. वेब-प्रष्ठ पते (एड्रेस) के लिए क्या नाम है?

A. डोमेन

B. डायरेक्टरी

C. प्रोटोकॉल

D. यू.आर.एल.

37. डाटा भण्डारण के अधिक्रम में शामिल है:

A. बाइट्स,बिट्स,फ़ील्ड्स,रिकार्ड्स,फाइलें तथा डाटाबेसेज

B. बिट्स, बाइट्स,फ़ील्ड्स, रिकार्ड्स, फाइलें तथा डाटाबेसेज

C. बिट्स, बाइट्स,रिकार्ड्स,फ़ील्ड्स, फाइलें तथा डाटाबेसेज

D. बिट्स, बाइट्स, फ़ील्ड्स, फाइलें रिकार्ड्स तथा डाटाबेसेज

38. निम्नलिखित डोमेनों में किसे अनुलाभकारी व्यापार हेतु प्रयोग किया जाता है?
A. .ओ आर जी
B. .एन ई टी (नेट)
C. . ई डी यू (एडू)
D. . सी ओ एम् (कॉम)

39. कंप्यूटर से सम्बंधित कार्यों में प्रयोग हेतु यू.एस.बी. का पूरा रूप क्या है?
A. अल्ट्रा सिक्यूरिटी ब्लाक
B. यूनिवर्सल सिक्योरिटी ब्लाक
C. यूनिवर्सल सीरियल बस
D. यूनाइटेड सीरियल बस

40. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अरब (बिलियन) केरेक्टरस प्रदर्शित करता है?
A. टैराबाइट्स
B. मेगाबाइट्स
C. किलोबाइट्स
D. गीगाबाइटस

41. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदूषक स्वसन-तंत्र से जुडी बीमारियों का प्रमुख कारण है?
A. विलंबित सूक्ष्म कण
B. नाइट्रोजन ऑक्साइड
C. कार्बन मोनोऑक्साइड
D. वाष्पशील कार्बनिक यौगिक

42. अभिकथन (A) : शहरी क्षेत्रों में, जाड़े के दिनों में अक्सर धूम-कोहरे की घटनाएँ घटित होती हैं|
तर्क (R) : जाड़े के मौसम में लोग गर्म करने के प्रयोजन से या स्वयम का गर्म रखने के लिए बड़ी मात्र में जैव - संहित (बायोमास) का जलाते हैं|
A. (A) एवं (R) दोनों सहीं है, और (R), (A) की सहीं व्याख्या है|
B. (A) एवं (R) दोनों सहीं है, लेकिन (R) (A) की सहीं व्याख्या नहीं है|
C. (A सहीं है, लेकिन (R) गलत है|
D. (A) गलत है, लेकिन (R) सही है|

43. प्राकृतिक आपदाओं के घटित होने में निम्नलिखित का प्रभाव पड़ता है:
a. भूमि-उपयोग में परिवर्तन
b. जल निकास और निर्माण
c. ओजोन में कमी
d. जलवायु परिवर्तन
नीचे दिए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए:
A. a, c और d
B. a, b और c
C. a, b और d
D. b,c और d

44. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रदूषक गैस प्राकृतिक रूप से और औद्योगिक गतिविधि के परिणामस्वरूप दोनों से उत्पन्न नहीं होती है?
A. क्लोरोफ्लूरो कार्बन
B. नाइट्रस ऑक्साइड
C. मीथेन
D. कार्बन डाइऑक्साइड

45. निम्नलिखित ऊर्जा इंधनों में कौन-सा पर्यावरण के लिए सबसे अनुकूल है?
A. एथेनोल
B. बायोगैस
C. सी.एन.जी
D. हाइड्रोजन

46. भारत में उच्च शिक्षा के लक्ष्य निम्नलिखित में से कौन से हैं?
a. अभिगम
b. साम्या
c. गुण एवं प्रकर्ष
d. प्रासंगिकता
e. मूल्य आधारित शिक्षा
f. अनिवार्य एवं मुफ्त शिक्षा
नीचे दिए गये कूट में से सही उत्तर चुने:
A. केवल a, b और e
B. a, b, e और f
C. a, b, c, d और e
D. a, b, c, d, e और f

47. राष्ट्रिय संस्थानिक श्रेणीकरण ढांचा (एन.आई.आर.एफ.) के अनुसार निम्नलिखित में से किसे देश में, सर्वश्रेष्ठ कॉलेज (2017) का स्थान प्राप्त हुआ?
A. मिरांडा हाउस, दिल्ली
B. सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली
C. फर्गुसन कॉलेज, पुणे
D. महाराजा कॉलेज, मैसूर

48. निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में से किसे फरवरी 2017 में सर्वश्रेष्ठ केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए कुलाध्यक्ष (विजिटर) का पुरस्कार प्राप्त हुआ?
A. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
B. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय
C. तेजपुर विश्वविद्यालय
D. हैदराबाद विश्वविद्यालय

49. निम्नलिखित में से किसे संसद के स्वीकृत प्रस्ताव के बिना राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है?
   A. उच्च न्यायालय का न्यायाधीश
   B. राज्य का राज्यपाल
   C. मुख्य चुनाव आयुक्त
   D. नियंत्रक और महालेखा परीक्षक

50. निम्नलिखित में से कौन-सा 'भ्रष्टाचार' शब्द की परिधि में आता है?
   a. सरकारी पद का दुरुपयोग
   b. नियमों, कानूनों और मानकों से विचलन
   c. जब कार्रवाई आवश्यक हो तो कार्रवाई न करना
   d. लोक सम्पत्ति को नुक्सान

नीहचे दिए गये कूट में से सही उत्तर चुनें:
   A. केवल a
   B. केवल a और b
   C. a, b और d
   D. a, b, c और d

gradeup

Banking, SSC, GATE, JEE, NEET & other Online Mock Test Series

- Based on Latest Exam Pattern
- Available in Hindi & English
- Get all India rank & result analysis
- Detailed Solutions
- Can be taken on web & mobile

ANDROID APP ON Google play



www.gradeup.co